पर्यावरण विषय के महत्वपूर्ण प्रश्न – CM Rise शिक्षक चयन परीक्षा (Environmental Study Questions)

RF Temre
RF competition
infosrf.com
rfcompetition.com

प्रश्न 1.– पर्यावरण के अन्तर्गत बच्चों को बाहर की दुनिया का अवलोकन क्यों करवाया जाना चाहिए?

उत्तर– बच्चे अपने आसपास के लोगों और चीजों को देखकर, समझकर सीखते हैं, इसलिए बच्चों को
बाहर की दुनिया का अवलोकन कराया जाना चाहिए। न कि केवल कक्षा में बैठकर पढ़ाया जाये।

प्रश्न 2.– बच्चे बाहर की दुनिया में क्या-क्या देखकर
सीख सकते हैं?
उत्तर– के बच्चे अपने आसपास (1) पेड़-पौधे– (आम, इमली, जामुन, महुआ, बरगद, गुलाब, टमाटर आदि)।
(2) जीव जन्तु– (बन्दर, गिलहरी, गौरैया, तिल्ली, गाय, बैल, कौआ, तोता आदि।

(3) परिवेश– (भूमि, जल, वायु, बादल, नदी, तालाब आदि को देखकर सीखते हैं।

प्रश्न 3.– कक्षा तीसरी की आसपास (पर्यावरण) में 'जानवर' शब्द का प्रयोग किया गया है। बच्चे 'जानवर' शब्द से क्या समझते हैं?
उत्तर– उक्त पर्यावरण पुस्तक में 'जानवर' शब्द का प्रयोग कीड़े, पक्षी, स्तनधारी आदि के लिए किया गया है।

प्रश्न 4.– छोटी कक्षाओं (कक्षा-3) में कीड़े, पक्षी, स्तनधारी आदि सभी के लिए 'जानवर' शब्द का ही प्रयोग क्यों किया गया है?
उत्तर– ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि छोटी उम्र में बच्चे कीड़े-मकौड़े, साँप, छिपकली आदि का बारीकी से वर्गीकरण नहीं कर सकते हैं ।

प्रश्न 5.– जानवरों के बारे में बच्चों को जानकारी देने के लिए शिक्षक क्या-क्या कर सकते हैं?
उत्तर– (1) बच्चों से जानवरों की सूची बनवाना।
(2) बच्चों से जानवरों का अभिनय करवाना।
(3) जानवरों की आवाज निकालने को कहना।

प्रश्न 6.– छोटी कक्षाओं में जानवरों का वर्गीकरण किन आधारों पर करवा सकते हैं?

उत्तर– छोटी कक्षाओं में जानवरों का वर्गीकरण उनके द्वारा -

(1) गति करना– जैसे उड़ना, रेंगना फुदकना, चलना आदि।

(2) शरीर की बनावट– जैसे पंख वाले, पूँछ वाले, पैर वाले आदि।

(3) निवास– जैसे घर में रहने वाले, जंगल में रहने वाले, पानी में रहने वाले आदि के आधार पर किया जा सकता है।

प्रश्न 7– छोटी कक्षाओं में जानवरों के बारे में जानकारी देने की कम महत्वपूर्ण गतिविधि है –

(A) जानवरों के चित्रों में रंग भरवाना।

(B) जानवरों के अधूरे चित्रों को पूरे करना।

(C) जानवरों की खाद्य श्रृंखला का निर्माण।

(D) पहेलियाँ बूझना।

उत्तर– (C) जानवरों की खाद्य श्रृंखला का निर्माण।

प्रश्न 8– छोटे बच्चों की पर्यावरण अध्ययन के माध्यम सृजनात्मक गतिविधि उभारने का सबसे उपयुक्त माध्यम है–

(A) जानवरों की कलर-पेन से पेंटिंग बनवाना।

(B) अंगुलियों की सहायता से स्याही या गीले रंग से चित्र बनवाना।

(C) पत्तियों से जानवरों की आकृतियाँ बनवाना
(D) उक्त में B व C सही हैं।
उत्तर– (D) उक्त में B व C सही हैं।

प्रश्न 9– छोटे बच्चों को जानवरों के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए क्या करना ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है?
(A) किसी पेड़ के नीचे बैठकर पेड़ के तने, डालियों, पत्तियों आदि में कौन से जानवर हैं सूची बनवाना।
(B) कक्षा में बैठकर जानवरों की सूची बनवाना।
(C) पेड़ के नीचे जानवरों का अवलोकन कर उन्हें छोटे से बड़े कम में जमवाना।
(D) जिग्सा खेल कराना।
उत्तर– (B) कक्षा में बैठकर जानवरों की सूची बनवाना।

प्रश्न 10– जिग्सॉ एक्टिविटी क्या है? पर्यावरण अध्ययन में इसका प्रयोग कैसे कर सकते हैं?
उत्तर– जिग्सॉ एक ऐसी गतिविधि या खेल है, जिसमें किसी जानवर (पशु-पक्षी) या अन्य कोई भी चीज के चित्र को बनाकर उसे हार्ड बोर्ड (गत्ता) में चिपकाकर आड़े-तिरछे टुकड़ों में काटकर अलग-अलग कर दिया जाता है। सारे टुकड़ों को अलग-अलग करके एवं एक दूसरे में मिलाकर फिर

बच्चों को उसे जोड़कर जानवर का नाम पता करने को कहा जाता है। यह एक मजेदार एक्टिविटी है। इसमें बच्चे आनंद लेते हैं।